दूरभाष : आवास 05822–231987

गन्ना उत्पादक (स्नातकोत्तर) महाविद्यालय

बहेड़ी–243 201 (बरेली) उ. प्र.

(सम्बद्ध : एम0 जे0 पी0 रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली)

website:- http//www.gupg.co.in

E-mail:-gucollege@rediffmail.com

पत्रांक 951 / ग०उ०म० / 2026–27

दिनांक 01/06/2026

प्रवेश सम्बन्धित आवश्यक सूचना

परास्नातक स्तर पर प्रवेश लेने के इच्छुक समस्त छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली के पत्रांक रू.वि. / आ.प्र. / 2026 / 1264 दिनांक 29.05.2026 के अनुक्रम में महाविद्यालय सत्र 2026–27 में एम.ए. (अर्थशास्त्र, हिन्दी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र एवं राजनीति विज्ञान) एम०कॉम तथा एम०एस–सी० (गणित, जन्तु विज्ञान एवं वनस्पति विज्ञान प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश दिनांक 01.06.2026 से प्रारम्भ हो चुके हैं। प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों को निम्नानुसार ऑनलाइन पंजीकरण करना अनिवार्य हैं।

1. सर्वप्रथम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर पंजीकरण करें।
   https:// mjpruadm.samarth.edu.in/index.php. नोटः– समस्त विद्यार्थी अपना समर्थ रजिस्ट्रेशन नम्बर, उसमें प्रयुक्त मोबाइल नम्बर, ई–मेल आई०डी० एवं लॉगिन पासवर्ड अपने पास सुरक्षित रखें। यह अत्यंत आवश्यक है। महाविद्यालय द्वारा आवश्यकता पड़ने पर इसे कभी भी आपसे माँगा जा सकता है।
2. तत्पश्चात् महाविद्यालय की वेबसाइट पर पंजीकरण करें।
   https://oap.eiims.com:539/registration/instruction.aspx. नोटः– महाविद्यालय की वेबसाइट पर पंजीकरण अथवा भुगतान सम्बन्धी किसी भी समस्या के समाधान हेतु विद्यार्थी अपनी समस्या ई–मेल gucollege@rediffmail.com या व्हाट्सएप नम्बर 7456019945 पर प्रेषित कर सकते हैं। समस्या का यथाशीघ्र समाधान किया जायेगा।

उक्त दोनों पंजीकरण पूर्ण करने के पश्चात् आवेदन पत्रों का प्रिंट (हार्ड कॉपी) निकालकर आवश्यक दस्तावेजों (हाईस्कूल / इण्टरमीडिएट / स्नातक अंकतालिका, आधार कार्ड, जाति, निवास प्रमाण–पत्र एवं ABC ID / APAAR ID) की स्वप्रमाणित छायाप्रतियों सहित महाविद्यालय में निर्धारित काउंटर पर कार्यालय समय प्रातः 10:00 बजे से 4:00 बजे तक जमा करना सुनिश्चित करें। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 30 जून 2026 निर्धारित की गई है। महाविद्यालय में प्रवेश हेतु सीटें सीमित है। अतः शीघ्रातिशीघ्र प्रवेश आवेदन पत्र जमा कर प्रवेश लेना सुनिश्चित करें। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

प्रवेश फॉर्म जमा करने हेतु काउंटर निम्नवत् हैं–

क्र०सं०	कक्षा	काउंटर नम्बर
1.	एम०ए० (हिन्दी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र तथा राजनीति विज्ञान) एवं एम०कॉम प्रथम सेमेस्टर	07
2.	एम०एस–सी० (गणित, जन्तु विज्ञान एवं वनस्पति विज्ञान) प्रथम सेमेस्टर	08
3.	एम०ए० अर्थशास्त्र प्रथम सेमेस्टर	03

प्रो० (डॉ०) सुरेखा पिपलानी
कार्यवाहक प्राचार्य

प्राचार्य
गन्ना उत्पादक महाविद्यालय
बहेड़ी (बरेली)

प्रतिपिलः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. मुख्य अनुशासक, ग०उ०म० बहेड़ी (बरेली)।
2. श्री प्रेमसागर गंगवार, प्रभारी कार्यालय अधीक्षक, ग०उ०म० बहेड़ी (बरेली)।
3. समस्त संकाय (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय समन्वयक, को समस्त आवश्यक कार्यवाही हेतु एवं छात्र / छात्राओं के ग्रुप में प्रसारित करने हेतु।
4. श्री राजेश चन्द्रा, सोशल मीडिया प्रभारी, को वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
5. श्री राजेन्द्र प्रसाद, पटल सहायक, एम.ए. / एम०कॉम, ग०उ०म० बहेड़ी (बरेली)।
6. श्री विजेन्द्र कुमार, पटल सहायक, एम०एस–सी० ग०उ०म० बहेड़ी (बरेली)।
7. श्री मनोज कुमार, पटल सहायक ,एम०ए०, अर्थशास्त्र ग०उ०म० बहेड़ी (बरेली)।
8. सम्बन्धित पत्रावली।
9. सूचना पट।
10. दैनिक समाचार पत्रों में छात्रहित को दृष्टिगत रखते हुए निःशुल्क प्रकाशन हेतु

for प्राचार्य
गन्ना उत्पादक महाविद्यालय
बहेड़ी (बरेली)